

क्रिकेट बोर्ड केन विलियमसन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले का सम्मान करता है और चयनकर्ता अब बदलाव के दौर में अच्छी टीम तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

-गेविन लार्सन

न्यूजीलैंड क्रिकेट की चयनसमिति के अध्यक्ष, विलियमसन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



मुशफिकुर रहीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले बांग्लादेश की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम गोइन इंजरी के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 23 नवंबर से सेंचुरियन में खेला जाना है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार मुशफिकुर को पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद उनका एमआरआई स्कैन कराया गया, जिसमें पेल्विक बोन के आसपास सूजन और जलन का पता चला है।

क्या आप जानते है : भारत ने 1975 और 1979 की विजेता वेस्ट इंडीज टीम को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

वेलिंगटन टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत, न्यूजीलैंड के सामने विकेट बचाने की चुनौती

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), 22 नवंबर। वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने अपनी बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया है। पहली पारी में 352 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 119 रन बना लिए हैं, लेकिन टीम अब भी भारत से 233 रन पीछे है। रचिन रवींद्र 27 रन और डेवोन कॉनवे 59 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 59 रन की साझेदारी हो चुकी है। पांचवें दिन न्यूजीलैंड के सामने टेस्ट बचाने की चुनौती होगी, जबकि भारतीय टीम बाकी बचे आठ विकेट लेकर जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में कप्तान टॉम लाथम और हेनरी निकोल्स के रूप में दो झटके लगे हैं। लाथम को एक बार फिर पारी के पहले ओवर में ही जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। लाथम खाता नहीं खोल सके। वहीं, पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाने वाले हेनरी निकोल्स 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया।

इससे पहले भारतीय टीम ने चौथे दिन सुबह चार विकेट पर 486 रन से आगे खेलना शुरू किया।



विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आक्रामक खेल जारी रखा और छक्का लगाते हुए टेस्ट करियर का नौवां शतक पूरा किया। उन्होंने अंशुल कंबोज के साथ पांचवें विकेट के लिए 68 रन और ध्रुव जुरेल के साथ छठे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी निभाई। इस दौरान कंबोज 38 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पंत 153 गेंदों में 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से 128 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

जुरेल ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने वॉशिंगटन सुंदर के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। सुंदर 24 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम का आठवां विकेट आकाश दीप के रूप में गिरा। वह 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं जुरेल 79 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। इस तरह भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 720 रन बनाए।

पहली पारी में पंत के अलावा सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी शतक लगाया था। उन्होंने 290 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल 85 रन और देवदत्त पडिक्कल 80 रन बनाकर आउट हुए थे। कप्तान गिल दो रन से शतक से चूक गए थे और 98 रन बनाए बनाए थे।

न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन और रचिन रवींद्र ने दो विकेट लिए थे। मैट हेनरी, काइल जेमीसन, जैकब डफी और नाथन स्मिथ को एक-एक सफलता मिली थी।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 368 रन बनाए थे। एक समय मेजबान टीम ने 70 के स्कोर पर पांच विकेट गवां दिए थे, जिसके बाद हेनरी निकोल्स और ग्लेन फिलिप्स ने न सिर्फ पारी को संभाला बल्कि छठे विकेट के लिए 216 रनों की साझेदारी करने के साथ स्कोर 300 रनों के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। ग्लेन फिलिप्स जहां 118 रन बनाकर आउट हुए तो वहीं निकोल्स 175 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार, आकाश दीप ने तीन विकेट, अंशुल कंबोज ने 2 विकेट और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया था।

न्यूजीलैंड में शतक बनाना मेरा लक्ष्य था: ऋषभ पंत



वेलिंगटन, 22 नवंबर । भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि न्यूजीलैंड में शतक बनाना उनका लक्ष्य था। चुनौतीपूर्ण पिच पर लंबे समय तक क्रीज पर टिककर टीम के लिए योगदान देना उनकी प्राथमिकता थी। पंत ने कहा कि उन्हें मैदान पर रहना बेहद पसंद है और वह बल्लेबाजी के साथ-साथ फील्डिंग और विकेटकीपिंग का भी पूरा आनंद लेते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले जा रहे पहले टेस्ट की पहली पारी में ऋषभ पंत ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने अपने चिरपरिचित आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 153 गेंदों में 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से 128 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी ने भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रविवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पंत ने अपनी बल्लेबाजी, शतक पूरा करने की रणनीति और मैदान पर खेल का आनंद लेने को लेकर खुलकर बात की।

पंत ने कहा कि मुझे लगता है कि यह वास्तव में बेहतरीन पारी थी। न्यूजीलैंड में शतक बनाना मेरी प्राथमिकता थी। ऐसी पिच पर, जहां रन बनाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है और बाकी बल्लेबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, वहां मेरी कोशिश ज्यादा से ज्यादा समय तक क्रीज पर टिकने और टीम के लिए अपना योगदान देने की थी।

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति के बारे में पंत ने कहा कि वह मैदान पर बहुत ज्यादा योजनाएं बनाकर नहीं उतरते। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मैं इस बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। ज्यादातर समय गेंदबाज की सोच को समझने की कोशिश करता हूं लेकिन चीजों को काफी सरल रखता हूं। जब भी गेंद मेरे सामने आती है, मैं उसे हिट करने की कोशिश करता हूं। अगर गेंद मेरे पसंदीदा क्षेत्र में होती है तो मैं उस पर शॉट खेलने से नहीं हिचकिचाता।

शतक पूरा करने के लिए छक्का लगाने की योजना के सवाल पर पंत ने बताया कि आमतौर पर वह छक्के के साथ शतक पूरा करना पसंद करते हैं लेकिन इस बार उन्होंने धैर्य से काम लिया।

उन्होंने कहा कि जब भी मैं शतक के करीब होता हूं तो मेरी कोशिश छक्के के साथ उसे पूरा करने की रहती है। हालांकि, ऐसा करने के प्रयास में कई बार शतक पूरा करने से चूक भी गया हूं इसलिए इस बार मैंने धैर्य रखा और सही मौके का इंतजार किया। जब मिड-ऑफ का फील्डर ऊपर आ गया तो मुझे लगा कि शॉट खेलने का यह सही मौका है। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पूर्व दिग्गज ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ने पर पंत ने कहा कि बचपन में उनके मन में ज्यादा छक्के लगाने जैसे लक्ष्य जरूर होते थे लेकिन अब उनका ध्यान लगातार अच्छा प्रदर्शन करने पर है। उन्होंने कहा, "बचपन में मेरे मन में ऐसे छोटे-छोटे लक्ष्य होते थे, जैसे ज्यादा से ज्यादा छक्के लगाना। लेकिन अब अपने करियर के इस पड़ाव पर मैं इन चीजों के बारे में नहीं सोचता। मैं सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं और जहां भी खेलूं, अपनी छाप छोड़ना चाहता हूं।" पंत ने आगे कहा कि उन्हें मैदान पर रहना बेहद पसंद है। जब भी मैं मैदान पर उतरता हूं, चाहे बल्लेबाजी कर रहा हूं या फील्डिंग, मेरी कोशिश हर पल का आनंद लेने की होती है। सच कहूं तो मैदान पर होना ही मुझे खुशी देता है। मैं वहां बिताए हर दिन का आनंद लेता हूं।

एसएमएस स्टेडियम में फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल का 99वां संस्करण आयोजित



जयपुर, 22 नवंबर। फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को एसएमएस स्टेडियम में 'फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल' का 99वां संस्करण आयोजित किया गया। माय भारत के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की थीम 'नशा मुक्ति अभियान' रही। इसमें सुबोध कॉलेज और कनोडिया कॉलेज के करीब 125 विद्यार्थियों सहित युवाओं और फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जुंबा और फिटनेस गतिविधियों से हुआ। इसके बाद सुधीर शर्मा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पांच किलोमीटर की यह रैली अमर जवान ज्योति से शुरू होकर विधानसभा, पृथ्वीराज रोड, स्टेच्यू सर्किल और अंबेडकर सर्किल होते हुए वापस अमर जवान ज्योति पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। डॉ. आंचल पुरी ने नेत्रदान के महत्व पर जागरूकता सत्र आयोजित कर लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में माय भारत के सहायक निदेशक शरद त्रिपाठी, दिव्या, डॉ. आंचल पुरी, यूथ आइकन अंकित शर्मा, एनएसएस समन्वयक डॉ. अनंत विजया सोनी और डॉ. राकेश धाबी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, साइकिलिंग और नियमित व्यायाम के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ नशामुक्त समाज का संदेश देना रहा। फिट इंडिया के 'फिटनेस का डोज-आधा घंटा रोज' संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

राजीव मेहता पांच दिसंबर को होने वाले आईओए अध्यक्ष चुनाव में भरेंगे पर्चा

नई दिल्ली, 22 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व महासचिव राजीव मेहता पांच दिसंबर को होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं और पूर्व खेल प्रशासक सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। मेहता के करीबी एक सूत्र ने रविवार को बताया कि उन्होंने शीर्ष पद के लिए चुनाव लड़ने का फैसला लगभग कर लिया है। वह निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के साथ ही ओलंपिक चार्टर के तहत आईओए की स्वायत्तता का सम्मान किए जाने की उम्मीद कर रहे हैं।" मेहता 2014 से 2022 तक आईओए के महासचिव रहे थे। वह फिलहाल भारतीय तलवारबाजी संघ और एशियाई तलवारबाजी परिसंघ दोनों के महासचिव हैं।

इस बीच, आईओए के उपाध्यक्ष और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग को अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन रविवार को आईओए के निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव को कोई नामांकन पत्र नहीं मिला। श्रीवास्तव ने एक अधिसूचना में कहा, "आईओए की 2026 की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्षों, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और अन्य कार्यकारी परिषद सदस्यों के पदों के लिए आज कोई नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ।" विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम समयसीमा मंगलवार शाम साढ़े चार बजे तक है।

भारत ने थाईलैंड को 7-0 से दी शिकस्त, दीपिका ने लगाई हैट्रिक

नई दिल्ली, 22 नवंबर। गत चैंपियन भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को थाईलैंड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। यह टूर्नामेंट में भारत की लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम मलेशिया और दक्षिण कोरिया को हरा चुकी है। भारत की ओर से नवनीत कौर ने चौथे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। इसके बाद दीपिका ने 10वें मिनट में शानदार मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। थाईलैंड की टीम अभी संभल भी नहीं पाई थी कि अगले ही मिनट दीपिका ने एक और गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया।

शानदार लय में खेल रही भारतीय टीम ने लगातार हमले जारी रखे। मुमताज खान ने 28वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 4-0 कर दी। मुमताज का यह टूर्नामेंट में तीसरा गोल था।

वह इससे पहले वह शुरुआती दो मुकाबलों में भी गोल कर चुकी थीं। मध्यांतर तक भारतीय टीम ने मुकाबले पर पूरी तरह अपना दबदबा बना लिया था। तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों का आक्रामक अंदाज जारी रहा। खेल दोबारा शुरू होने के तुरंत बाद 32वें मिनट में सुनेलिता टोप्पो ने गोल दागकर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। इसके बाद दीपिका ने 56वें मिनट में अपना तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और भारत की बढ़त 6-0 कर दी। मैच के अंतिम क्षणों में नवनीत कौर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर एक और गोल दागकर भारत की जीत 7-0 से सुनिश्चित कर दी।

जयपुर ने 9-5 के स्कोर से रामबाग को हराकर जीता कोटा कप टूर्नामेंट



जयपुर, 22 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत कोटा कप (04 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ठाउंड (आरपीसी) पर खेला गया। फाइनल मुकाबले में टीम जयपुर और रामबाग आमने-सामने रहीं। टीम जयपुर ने 9-5 के स्कोर से टीम रामबाग को शिकस्त देकर कप अपने नाम कर लिया। विजेता टीम जयपुर की ओर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 5 गोल दागे। वहीं, कुलदीप सिंह राठौड़ ने 3 गोल और दिव्यमान सिंह दुजोद ने 1 गोल किया। टीम में विश्वराज सिंह राठौड़ भी शामिल रहे। दूसरी तरफ, टीम रामबाग के लिए जुआन जोस अल्बर्डी ने 4 गोल, जबकि प्रताप सिंह कानोता ने 1 गोल किया। टीम से मिर्जा मोहम्मद बेग और रणशेय पुरोहित भी खेले।

हॉकी : न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का सीरीज पर कब्जा, आखिरी मैच 2-2 से ड्रॉ

ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), 22 नवंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की इंडिया-न्यूजीलैंड सेंचुरी ऑफ स्पोर्टिंग यूनिटी सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। दोनों टीमों के बीच रविवार को ऑकलैंड के लॉयड एल्स्मोर हॉकी स्टेडियम में खेला गया सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। भारतीय टीम ने सीरीज के पहले मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की थी, जबकि बाकी दोनों मैच ड्रॉ रहे। आखिरी मुकाबले में भारत के लिए कप्तान संजय (16वें मिनट) और सेल्वम कार्थि (18वें मिनट) ने गोल किए, जबकि न्यूजीलैंड के लिए डायलन थॉमस (9वें मिनट) और बेंजी कुलहेन (55वें मिनट) ने गोल किए। तीसरे और आखिरी मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड ने आक्रामक शुरुआत की। टीम को नौवें मिनट में डायलन थॉमस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, भारतीय टीम ने जल्द ही वापसी की। कप्तान संजय राणा ने 16वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके दो मिनट बाद ही सेल्वम कार्थि ने 18वें मिनट में फील्ड गोल करते हुए भारत को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी बढ़त बरकरार रखने के लिए मजबूत खेल दिखाया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारतीय टीम बढ़त बनाए हुए थी। हालांकि, मुकाबला समाप्त होने से पांच मिनट पहले यानी 55वें मिनट में बेंजी कुलहेन ने गोल करके न्यूजीलैंड को 2-2 की बराबरी पर ला दिया।

विल जैक्स ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे टी-20 मैचों से बाहर

मेलबर्न, 22 नवंबर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स बाकी वाइट-बॉल सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, उनकी जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जाएगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। इंग्लैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार रात खेले गए टी-20 मैच में हाथ में चोट लगने के कारण विल जैक्स ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड पुरुष टीम के बाकी व्हाइट बॉल दौरे से बाहर हो गए हैं।


बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मार्करम करेंगे कप्तानी

सेंचुरियन, 22 नवंबर । दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार यानी 23 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। टीम ने पहले टेस्ट की तुलना में दो बदलाव किए हैं। नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा की गैरमौजूदगी में एडेन मार्करम टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं, टोनी डी जोरजी को बावुमा की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे की भी टीम में वापसी हुई है।

आईसीसी के अनुसार बावुमा पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय दाहिनी पिंडली में खिंचाव आने के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शामिल किए गए टोनी डी जोरजी ने अब तक 17 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने कुल 919 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 177 रन है, जो उन्होंने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ ही बनाया था। वहीं, गेंदबाजी विभाग में एनरिक नॉर्टजे की वापसी हुई है।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी राजस्थान की चौथी जीत, कुणाल सिंह राठौड़ का शानदार शतक

जयपुर, 22 नवंबर। बीसीसीआई की सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिजोरम को 67 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। मुंबई में खेले गए मुकाबले में राजस्थान की जीत के नायक कुणाल सिंह राठौड़ रहे, जिन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।



पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 5 विकेट पर 224 रन का विशाल स्कोर बनाया। कुणाल सिंह राठौड़ ने 60 गेंदों पर 8 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 116 रन की शतकीय पारी खेली। मुकुल चौधरी ने 12 गेंदों पर 28, कार्तिक शर्मा ने 23 और महिपाल लोमरोड़ ने 11 गेंदों पर नाबाद 23 रन बनाए। मिजोरम के ख्यांग्ते वनरोतलिंगा ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मिजोरम की टीम निर्धारित ओवरों में 5 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। चिन्मय सुथार ने 48 और ख्यांग्ते वनरोतलिंगा ने नाबाद 34 रन बनाए। राजस्थान की ओर से हिमांशु नेहरा ने 29 रन देकर 2 विकेट और राहुल चाहर ने 31 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि मानव सुथार ने एक विकेट हासिल किया। इस तरह राजस्थान ने मुकाबला 67 रन से अपने नाम कर टूर्नामेंट में चौथी जीत हासिल की।

राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जयपुर की टीम घोषित



जयपुर, 22 नवंबर। भरतपुर में 23 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाली 71वीं राजस्थान राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जयपुर की टीम दमखम दिखाएगी। जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन ने प्रतियोगिता के लिए अंडर-17, अंडर-19 बॉयज-गर्ल्स तथा मेन्स-वुमेन्स वर्गों की टीम घोषित कर दी है।

- **23 से 27 नवंबर तक भरतपुर में होगा आयोजन, छह वर्गों में उतरेंगे जयपुर के खिलाड़ी**

जयपुर टीम में शामिल खिलाड़ी

मेन्स सिंगल्स: सौरभ कपूर, भवित सिंह बिष्ट, तुषार रामचंदानी, नैतिकवीर यादव एवं अरिंजय कुच्छल।

वुमेन्स सिंगल्स: समृद्धि व्यास, ख्याति शर्मा, आरना सहनेय, प्रत्यूषा शर्मा एवं अनुष्का आचार्य।

अंडर-19 बॉयज: सौरभ कपूर, तुषार रामचंदानी, भवित सिंह बिष्ट एवं अरिंजय कुच्छल।

अंडर-19 गर्ल्स: समृद्धि व्यास, आरना सहनेय, ख्याति शर्मा एवं राधिका सोनी।

अंडर-17 बॉयज: नैतिकवीर यादव एवं युवान बकलिवाल।

अंडर-17 गर्ल्स: समृद्धि व्यास एवं आरना सहनेय।

टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी विवेक भार्गव होंगे। जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन माहेश्वरी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2026 में राजस्थान पुलिस ने जीता रजत पदक

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने दी बधाई

जयपुर, 22 नवंबर। बेंगलुरु में 16 से 21 नवंबर 2026 तक आयोजित ऑल इंडिया पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप-2026 में राजस्थान पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता के मिश्रित युगल (मिक्स्ड डबल्स) वर्ग में राजस्थान पुलिस के आईपीएस अधिकारी राजेन्द्र सिंह सिसोदिया और वंदिता राणा की जोड़ी ने उपविजेता रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, टीम भावना और दृढ़ संकल्प के साथ मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान पुलिस को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता के दौरान आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री जी. परमेश्वर, कैबिनेट मंत्री रिजवान तथा पुलिस महानिदेशक, कर्नाटक द्वारा पदक प्रदान किए गए।



डीजीपी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं : महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि पर आईपीएस राजेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं वंदिता राणा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल करना राजस्थान पुलिस के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। दोनों अधिकारियों ने अपनी खेल प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और टीम भावना से प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। डीजीपी शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान पुलिस का नाम रोशन करते रहेंगे।

- **बेंगलुरु में 16 से 21 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता के मिक्स्ड डबल्स वर्ग में आईपीएस राजेंद्र सिंह सिसोदिया और वंदिता राणा की जोड़ी बनी उपविजेता**
- **कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर, कैबिनेट मंत्री रिजवान और डीजीपी कर्नाटक ने प्रदान किए पदक**